[पञ्चविंशति संस्करण] युगाब्ध - 5127

E-पत्रिका : मासिक

विद्या भारती मध्यभारत प्रांत

# प्रज्ञा सन्देश

सितम्बर : 2025

भाद्रपद - अश्विन : विक्रमी संवत 2082

## बेतवा ग्राम भारती शिक्षा समिति विदिशा जिला कार्यालय का लोकार्पण




**विदिशा ।** बेतवा ग्राम भारती शिक्षा समिति, विदिशा के जिला कार्यालय का लोकार्पण प्रांतीय संगठन मंत्री श्री निखिलेश महेश्वरी द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि कार्यालय, कार्य की गति बढ़ाने का माध्यम है, और शिक्षा के द्वारा बालकों का ऐसा सर्वांगीण विकास करना है जिससे वे भविष्य की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर सकें।

इस अवसर पर डॉ. मनीष निगम (अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा महाविद्यालय, विदिशा) ने कहा कि विद्या का वास्तविक अर्थ मुक्ति दिलाना है।

कार्यक्रम में नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संचालन पंकज सेन ने किया तथा आभार प्रदर्शन समिति अध्यक्ष हरनाम सिंह रघुवंशी ने किया।






## शिक्षा नगर मुरैना ने स्वतंत्रता दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रम में इस वर्ष भी लहराया परचम

**मुरैना ।** मुरैना नगर में प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर परेड ग्राउंड SAF परिसर में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले के विभिन्न विद्यालयों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी-अपनी प्रस्तुतियाँ दीं।
इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर शिक्षा नगर मुरैना के लगभग 70 विद्यार्थियों ने विद्या भारती के वार्षिक गीत "समरसता के मान बिंदु" पर सामूहिक गायन एवं वादन की मनमोहक प्रस्तुति दी। बच्चों की इस उत्कृष्ट प्रस्तुति को उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा और निर्णायकों ने विद्यालय को गत वर्ष की भांति प्रथम स्थान प्रदान किया।मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन एवं संस्कारों का संचार करते हैं।







**गौरवमयी उपलब्धि :** सरस्वती विद्या मंदिर डॉ. हेडगेवार कॉलोनी राजगढ़ की बहन शीतल पुष्पद को माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा राज्य स्तरीय "फूलमाली समाज" "प्रतिभा सम्मान समारोह" में प्रदेश में हाई स्कूल परीक्षा में प्रथम स्थान आने पर सम्मानित किया गया।

## 79वें स्वतंत्रता दिवस का पावन क्षण – जयतु भारत, वंदे मातरम्

विद्या भारती मध्यभारत प्रांत के प्रांतीय कार्यालय सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान "प्रज्ञादीप", हर्षवर्धन नगर, भोपाल में ध्वजारोहण कर 79वाँ स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया।
इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष श्री मोहनलाल जी गुप्ता ने ध्वज वंदन के पश्चात सभी कार्यकर्ताओं को प्रेरणादायी उद्बोधन दिया।
कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने राष्ट्रभक्ति के भाव से ओतप्रोत होकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को स्मरण किया तथा राष्ट्र सेवा के संकल्प को दोहराया।



**राजगढ़ ।** ग्राम भारती शिक्षा समिति ब्यावरा द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर भाटखेड़ी, भेंसवा माता गुलावता, बाबडल्या एवं अमलार में मध्य भारत प्रांत के प्रांत प्रमुख आदरणीय श्री चंद्रहंस जी पाठक का दो दिवसीय प्रवास हुआ प्रवास में जिले के सभी प्रधानाचार्य के साथ बैठक, संयोजक मंडल के साथ बैठक, आचार्य परिवार के साथ बैठक एवं पौधारोपण के कार्यक्रम संपन्न हुए।











# सरस्वती विद्यापीठ आवासीय विद्यालय में प्रांतीय प्रतियोगिता का आयोजन

**शिवपुरी।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित 36वें प्रांतीय खेलकूद समारोह के अंतर्गत सरस्वती विद्यापीठ आवासीय विद्यालय शिवपुरी में शतरंज, बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि कर्नल विजय वीर सिंह दहिया (35 बटालियन, शिवपुरी) एवं विशिष्ट अतिथि कुंजबिहारी चतुर्वेदी, रामकुमार व्यास, निखिल चौकसे, पवन शर्मा एवं लोकेंद्र सिंह मेवाड़ा मंचासीन रहे।

कर्नल दहिया ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और कठिनाइयों से जूझने की शक्ति प्रदान करते हैं।

इस दो दिवसीय समारोह में शिवपुरी, ग्वालियर, राजगढ़, भोपाल एवं नर्मदापुरम विभागों के खिलाड़ी सम्मिलित हुए। विजेता खिलाड़ी मध्यक्षेत्र स्तर पर मध्यभारत प्रांत का प्रतिनिधित्व करेंगे। साथ ही शिवपुरी विभाग के घोष वर्ग का समापन एवं घोष प्रदर्शन भी आयोजित हुआ।








**विद्या भारती ग्रामीण शिक्षा मध्यभारत प्रांत की दो दिवसीय प्रांतीय चयनित विद्यालय कार्यशाला मा. श्री निखिलेश जी महेश्वरी (प्रांत संगठन मंत्री), श्री महेन्द्र सिंह जी रघुवंशी (प्रांतीय सहसचिव), श्री चंद्रहंस जी पाठक (प्रांत प्रमुख ग्रामीण शिक्षा), श्री हरनाम सिंह जी रघुवंशी (प्रांतीय उपाध्यक्ष ग्रामीण शिक्षा ), श्री कुंज बिहारी जी, श्री रामदयाल जी लहरपुरे (सहप्रांत प्रमुख, ग्रामीण शिक्षा ) की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई। प्रांतभर के 38 चयनित विद्यालयों के प्रधानाचार्य, संयोजक व जिला पदाधिकारियों की सहभागिता हुई।"**










## सरस्वती विद्या मंदिर केशवनगर विदिशा में 36वां क्षेत्रीय ताईक्वांडो एवं कराते प्रतियोगिता का शुभारंभ

**विदिशा।** सरस्वती विद्या मंदिर केशवनगर में विद्या भारती मध्यभारत प्रांत की 36वीं क्षेत्रीय ताईक्कांडो एवं कराटे प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता एवं SDM श्री क्षितिज शर्मा उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में चार प्रांतों के लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, प्रतियोगिता का भव्य समापन 30 अगस्त को हुआ।








**भोपाल।** खेल महोत्सव एवं नागपंचमी उत्सव कार्यक्रम 2025 के अंतर्गत आज शारदा विहार आवासीय विद्यालय भोपाल में कुश्ती दंगल का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित श्री महावत सिंह राव, श्री बालू सिंह यादव (संयुक्त संचालक, खेल एवं युवक कल्याण विभाग म.प्र.), श्री मोहनलाल गुप्त (अध्यक्ष, सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान म.प्र.), श्री निखिलेश महेश्वरी (प्रांत संगठन मंत्री, मध्यभारत प्रांत) एवं श्री राजेश तिवारी (प्रबंधक, शारदा विहार संस्थान भोपाल) मंचासीन रहे।



**सरस्वती शिशु विद्या मंदिर महावीर पुरा गुना के भैया बहनों एवं विद्यालय परिवार के द्वारा भारत माता की आरती का आयोजन अखंड भारत संकल्प दिवस के रूप में किया गया, जिसमें हमारे अभिभावक बंधु भगिनी पूर्व छात्र , समिति सदस्य एवं गणमान्य नागरिकों ने अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया।**





### पूर्व छात्रों ने मनाया भारत विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस

भोपाल के सरस्वती शिशु मंदिर हर्षवर्धन नगर में समुत्कर्ष शिक्षण संस्थान के 150 विद्यार्थियों को विद्या भारती की पूर्व छात्रा व शासकीय सेवा में सेवारत पूजा उदासी ने संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रांत संयोजक आशुतोष गुप्ता, पूर्व छात्र भारत भूषण गांधी व विद्यालय समिति सहसचिव आनंद औदिच्य उपस्थित रहे। स्वागत शिक्षक गुलाब चौहान ने किया तथा मां भारती की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव जनजाति शिक्षा के 600 संस्कार केन्द्रों पर भव्यता के साथ मनाया गया

विद्या भारती जनजाति क्षेत्र की शिक्षा मध्यभारत प्रांत - भाऊराव देवरस सेवा न्यास भोपाल द्वारा संचालित जनजाति शिक्षा के 600 संस्कार केन्द्रों पर भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाई गई। संस्कार केन्द्रों के छोटे -छोटे भैया बहनों को राधा कृष्ण के रूप में सजाकर बैलगाड़ी एवं,ट्रेक्टरो आदि से शोभायात्रा एवं झांकी सजाकर गांव, मोहल्लों में झांकी निकाली गई घर -घर से माताएं बहनें भगवान श्रीकृष्ण की आरती उतारी एवं संयोजक मण्डल के सदस्य ग्रामवासियों के सहयोग से इस कार्यक्रम को बहुत धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया।

कई संस्कार केन्द्रों पर मटकी फोड़ का कार्यक्रम हुआ । एवं अंत में महाआरती एवं कुटुम्ब प्रबोधन को लेकर मातृ शक्ति की बैठक की गई। जिसमें मां के महत्व को बताया बालक की मां प्रथम गुरु होती है।वह जैसे चाहे उसका निर्माण कर सकती है। बच्चों में अच्छे संस्कार देना जैसे स्नान, नाखून बाल कटे, स्वच्छता प्रातः चरण स्पर्श नित्य भगवान को दीपक लगाना बड़ो की बात सुनना आदि। परिवार की पालक मातृ शक्ति है।सबका ख्याल रखती है सबको भोजन कराने के उपरांत भोजन करती है। परिवार को एक सूत्र में बांधने का कार्य करती है। पश्चिम की विचारधारा हमारे परिवार में न आये, भाषा, भूषा, भोजन भजन भवन भृमण आदि पर विस्तृत चर्चा किए।हमारा परिवार स्नेह प्रेम आदर सम्मान सुरक्षा संस्कार समर्पण से ओतप्रोत हो एक अच्छे कुटुम्ब का निर्माण करे अपने परिवार को समुचित समय दे मोबाइल टीवी आदि से दूर रहकर कुछ समय के लिए परिवार के सभी सदस्य के साथ भजन - भोजन करें।







## विद्या भारती विदर्भ के कार्यकर्ताओं का मध्यभारत प्रांत भ्रमण

भोपाल। "सरस्वती यात्रा" के अंतर्गत विद्या भारती विदर्भ प्रांत के 36 कार्यकर्ताओं के दल ने प्रांत संगठन मंत्री श्री शैलेश जोशी एवं प्रांत सह मंत्री श्री समीर थोड़गे के नेतृत्व में मध्यभारत प्रांत के विभिन्न प्रकल्पों का भ्रमण किया।

दल ने भारत भारती बैतूल, वैदिक विद्यापीठम छीपानेर, शारदा विहार भोपाल एवं शारदा प्रकाशन भोपाल का अवलोकन कर उनकी व्यवस्थाओं, शैक्षिक गतिविधियों एवं सामाजिक सरोकारों को जाना। इस अवसर पर विद्यालय को सामाजिक गतिविधियों का केंद्र बनाने पर भी चर्चा हुई।

आगंतुक दल से अखिल भारतीय उपाध्यक्ष श्री अवनीश भटनागर एवं प्रांत संगठन मंत्री श्री निखिलेश महेश्वरी ने मार्गदर्शन किया। यात्रा का अगला चरण गोविंदनगर के लिए रहा।





## शिशु मदिर पठार अशोक नगर में अखंड भारत स्मृति दिवस पर विभाग प्रचारक श्री नितिन जी अग्रवाल का प्रबोधन




## हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की 120वीं जयंती पर विशेष आयोजन - राष्ट्रीय खेल दिवस 2025

**शिवपुरी ।** सरस्वती विद्यापीठ आवासीय विद्यालय शिवपुरी में खेल महोत्सव 2025 का भव्य पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की 120वीं जयंती के अवसर पर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने खेलकूद और शारीरिक शिक्षा के महत्व पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दीं।

मुख्य अतिथियों ने विजेताओं को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक तंदुरुस्ती ही नहीं बल्कि अनुशासन, टीम भावना और राष्ट्रप्रेम का भी संचार करते हैं। साथ ही मेजर ध्यानचंद के प्रेरणादायी जीवन को विद्यार्थियों के लिए आदर्श बताया।




## विद्या भारती मध्यभारत प्रान्त, विभाग ग्वालियर की प्राचार्य-प्रधानाचार्य योजना बैठक सानंद सम्पन्न






**भिंड ।** ग्वालियर विभाग की प्राचार्य-प्रधानाचार्य योजना बैठक दिनांक 23 से 25 अगस्त 2025 तक सरस्वती शिशु मंदिर, आलमपुर (जिला भिंड) में सानंद सम्पन्न हुई। बैठक में विभाग के सभी प्राचार्य-प्रधानाचार्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर संगठन की योजनाओं व शैक्षणिक गतिविधियों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया।

इस अवसर पर विशेष रूप से डॉ. शिरोमणि दुबे (प्रादेशिक सचिव, सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान म.प्र. भोपाल), श्री राजेन्द्र परमार (प्रांत प्रशिक्षण संयोजक, विद्या भारती मध्यभारत प्रांत), श्री रामानंद शर्मा (जिला प्रतिनिधि, भिंड) तथा श्री योगेन्द्र कुलश्रेष्ठ (निदेशक, शारदा प्रकाशन भोपाल) की गरिमामयी उपस्थिति रही।

बैठक में आगामी शैक्षणिक वर्ष की योजनाओं, शैक्षिक गुणवत्ता संवर्धन, शिक्षक प्रशिक्षण तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।

प्रज्ञा सन्देश
E-पत्रिका : मासिक : सितम्बर 2025

# विद्या भारती मध्यभारत प्रांत की प्रांतीय सप्तशक्ति संगम कार्यशाला सम्पन्न




**भोपाल।** विद्या भारती मध्यभारत प्रांत द्वारा आयोजित एक दिवसीय प्रांतीय सप्तशक्ति संगम कार्यशाला सानंद सम्पन्न हुई। कार्यशाला के पश्चात् प्रांत के सभी जिलों में इसी प्रकार की कार्यशालाएँ आयोजित की जाएँगी तथा आगे चलकर यह कार्यक्रम विद्यालय स्तर तक पहुँचेगा। इस वर्ष विशेष रूप से मातृशक्ति केंद्रित कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जो विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली की योजना के अंतर्गत निर्धारित हैं।



## शारदा विहार भोपाल के विद्यार्थियों की योगासन प्रतियोगिता में चमक

**भोपाल।** शारदा विहार विद्यालय भोपाल के विद्यार्थियों ने योगासन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 13 स्वर्ण एवं 7 रजत पदक अर्जित किए।

- बाल वर्ग (बहिनें): 2 स्वर्ण, 2 रजत
- किशोर वर्ग (बहिनें): 4 स्वर्ण, 1 रजत
- बाल वर्ग (भैया): 2 स्वर्ण, 1 रजत
- किशोर वर्ग (भैया): 3 स्वर्ण, 1 रजत
- तरुण वर्ग (भैया): 2 स्वर्ण, 2 रजत

गौरतलब है कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी 8 बहिनें एवं 9 भैया क्षेत्रीय स्तर हेतु चयनित हुए।








## पंचपदी अधिगम पद्धति आधारित पाठ योजना निर्माण कार्यशाला सम्पन्न

ग्वालियर। विद्या भारती मध्यभारत प्रांत द्वारा आयोजित पंचपदी अधिगम पद्धति आधारित पाठ योजना निर्माण कार्यशाला का समापन 5 अगस्त 2025 को केदारधाम, ग्वालियर में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

इस कार्यशाला में ग्वालियर, शिवपुरी, दतिया, मुरैना, भिण्ड, अशोकनगर, श्योपुर एवं गुना जिलों के प्राचार्य, प्रधानाचार्य एवं शिशु वाटिका प्रभारी दीदियों सहित कुल 156 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण प्राप्त ये सभी अब मास्टर ट्रेनर के रूप में अपने-अपने जिलों में अन्य आचार्यों को प्रशिक्षित करेंगे।

समापन सत्र में मंचासीन अतिथियों में डॉ. शिरोमणि दुबे (प्रादेशिक सचिव), श्री महेन्द्र सिंह रघुवंशी (प्रादेशिक सहसचिव), श्री देवकीनंदन चौरसिया (क्षेत्रीय प्रशिक्षण संयोजक), डॉ. रामकुमार भावसर (प्रांत प्रमुख नगरीय शिक्षा), श्री चंद्रहंस पाठक (प्रांत प्रमुख ग्रामीण शिक्षा) एवं श्री राजेन्द्र परमार (प्रांत प्रशिक्षण प्रमुख) सम्मिलित रहे।

## सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्या मंदिर रामगगढ़ रोड भांडेर में राखी निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन

सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्या मंदिर रामगगढ़ रोड भांडेर में राखी निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें भैया/बहिनों ने राखियों का निर्माण विद्यालय में किया।








शिशु मंदिर बीनागंज में बहिनों ने भैयाओं को बांधी राखी

सरस्वती शिशु मंदिर मुड़ियन का कुंआ विद्यालय में रक्षाबंधन उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें बहिनों द्वारा भैयाओं का मंगल तिलक कर एवं मिष्ठान खिलाकर भैयाओं की कलाई पर राखी बांधी गई।भैयाओं द्वारा बहिनों के पैर छूकर रक्षा करने का वचन दिया गया। एवं भैयाओं द्वारा बहिनों को उपहार दिए गए। इस समस्त कार्यक्रम में समस्त विद्यालय परिवारउपस्थितरहा।







सखी री सावन मन भायो : बालिका शिक्षा अंतर्गत पिपलानी विद्यालय भोपाल मे कार्यक्रम

# केदारधाम ग्वालियर में अभिभावक सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न

**ग्वालियर।** सरस्वती शिशु मंदिर आवासीय विद्यालय, केदारधाम में भव्य अभिभावक सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुआ।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता श्री अवनीश भटनागर (उपाध्यक्ष, विद्या भारती अ. भा. शिक्षा संस्थान), मुख्य अतिथि श्री राजेश शुक्ला (प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य एवं अधिवक्ता), अध्यक्षता श्री लोकेंद्र सिंह रावत (अभिभावक प्रतिनिधि), साथ ही विद्यालय अध्यक्ष श्री मदन भार्गव, सचिव श्री अनुज महेश्वरी एवं प्रबंधक श्री अवधेश त्यागी मंचासीन रहे।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पंचकोशात्मक विषयों पर आधारित रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं। मुख्य वक्ता ने पंच परिवर्तन व कुटुंब प्रबोधन पर बल देते हुए परिवार और विद्यालय की संयुक्त भूमिका पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि ने संस्कारित शिक्षा और छात्रावास को 'गुरुकुल' बताते हुए अनुशासन, योग, सेवा और राष्ट्रभक्ति के महत्व पर चर्चा की।

कार्यक्रम में अभिभावकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। अंत में वर्षभर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए।








**सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा. विद्यालय सिरोंज में मेधावी भैया बहिनों एवं उनके माता--पिता का सम्मान कक्षा दशम एवं द्वादश के भैया बहिनों के बीच हुआ, इसके साथ छात्र संघ शपथ, एवं आचार्य परिवार का समिति द्वारा सम्मान समारोह आयोजित हुआ इन सभी कार्यक्रमों में हमारे प्रांत प्रशिक्षण संयोजन आदरणीय श्री राजेंद्र जी परमार भाईसाहब का सानिध्य प्राप्त हुआ आपके द्वारा भैया बहिनों एवं आचार्य परिवार को उत्कृष्ट दिशा बोध प्राप्त हुआ।**










## विद्या भारती के सभी विद्यालयों में श्री गणेश उत्सव पर भव्य झाकियों के दर्शन


गोपालपुर रायसेन


केदारधाम ग्वालियर


बुंदेला नगर दतिया


मडैयन कुआँ दतिया


दीनदयाल कॉलोनी


पिपरिया नर्मदापुरम


आर्यनगर इटारसी


उनाव रोड दतिया


शिवानी मालवा





**भोपाल।** सरस्वती शिशु मंदिर, शिवाजी नगर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का भव्य आयोजन श्रद्धा व उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। बालकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं व आदर्शो का मनोहारी चित्रण प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर विभाग समन्वयक श्री अंकित शुक्ला, विद्यालय सचिव श्री महेंद्र सिंह पवार, कोषाध्यक्ष डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौर, सदस्य श्री भुवनेश जाट एवं प्राचार्य श्री राजेश गोस्वामी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# पर्यटन क्विज प्रतियोगिता में सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुंदेला नगर दतिया की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया

सरस्वती शिशु मंदिर मुड़ियन का कुंआ विद्यालय में कक्षा अरूण से अष्टम तक के भैया बहिनों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया स्वस्थ्य परीक्षण के अंतर्गत भैया बहिनों का दन्त परीक्षण, नेत्र, हीमोग्लोबिन परीक्षण किया गया। यह परीक्षण जिला चिकित्सालय के चिकित्सक श्रीमती नेहा भार्गव, श्रीमती किरन शर्मा, श्रीमती बबीता गुप्ता, श्री पवन वर्मा, श्री सियाराम सिंह जी ने किया यह समस्त परीक्षण विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री संतोष कुमार सेन जी के निर्देशन में किया ग














## समाचार पत्र के पन्नों में...

स्वदेश — ग्वालियर संभाग संस्करण — 28 Aug 2025

### पंडालों और घरों में विराजे बप्पा का ढोल नगाड़ों के साथ हुआ स्वागत



सरस्वती शिशु मंदिर वार्ड में गणेश चतुर्थी उत्सव का हुआ आयोजन

बैतूल, मुलताई, भैसदेही, आमला, सारणी, शाहपुर, चिचोली, घो

### मानव श्रृंखला से बनाई भगवान गणेश की अद्भुत आकृति



### भोगीतेड़ा में विराजमान हुए बप्पा



विचार प्रवाह — भोपाल, शुक्रवार 29 अगस्त, 2025 | 06

## खेल केवल प्रतियोगिता का माध्यम नहीं बल्कि राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और उत्कृष्टता का प्रतीक

# मेजर ध्यानचंद : खेल, संस्कृति और राष्ट्रप्रेम के आदर्श



निखिलेश महेश्वरी
विद्या भारती मध्य भारत प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री

हमारे पारंपरिक भारतीय खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य का साधन नहीं, बल्कि वे मनुष्य के भीतर

29 अगस्त 2025 को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की 120वीं जयंती है। उनका नाम आते ही हॉकी के मैदान में गेंद और स्टिक का अद्भुत संगम, दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देने वाला खेल-कौशल, और खेल के प्रति उनका अतुलनीय समर्पण स्मरण हो आता है। उनके अमूल्य योगदान के सम्मान में देश प्रत्येक वर्ष 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाता है। एक ऐसा दिन, जब खेल केवल प्रतियोगिता का माध्यम नहीं बल्कि राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और उत्कृष्टता का प्रतीक बन जाता है। खेलों का जीवन में महत्व अनुराग पुरोहित की इन पंक्तियों से सहज समझा जा सकता है-

जीवन का हिस्सा बना खेल, जीवन में लाता है प्रकाश,
यह तनाव को करता दूर, रोगों का करता है नाश।
इससे आती है तंदुरुस्ती और होता है बुद्धि विकास,
खेल खेलने से तन थकता, मन न थकता है बार-बार।

भारत के इतिहास पर दृष्टि डालें तो स्पष्ट होता है कि प्रत्येक महापुरुष के जीवन में किसी न किसी खेल का विशेष स्थान रहा है। श्रीकृष्ण की गेंद-खेल और कालिया नाग ... का गदा-युद्ध में अप्रतिम कौशल, अर्जुन का ... अथवा छत्रपति शिवाजी महाराज की सीमोल... खेल-कूद की गतिविधियां, ये सभी केवल मन...



और संस्कारों के संवाहक भी हैं।

यह खेल दिवस महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के स्मरण का अवसर है, जिनके अद्वितीय खेल कौशल और योगदान के सम्मान में राष्ट्रीय खेल दिवस घोषित किया गया। उनकी जयंती पर

... का जादूगर' तथा The Magician के रूप में विश्वविख्यात हुए। 1956 में उन्हें पद्मभूषण से सम्मानित किया गया। 3 दिसंबर 1979 को वे इस दुनिया से सदा-सदा विदा हो गए, लेकिन उनकी स्मृति आज भी भारतीयों के हृदय में जीवित है।

हार हुई तो मत घबराना, विजय मिली तो मत इतराना,
वृत्ति खिलाड़ी भूल न जाना, आज रुके तो कल बढ़ जाना,
विजय–पराजय जो भी आएं, निर्भय होकर खेल -
खेल खिलाड़ी खेल, खेल खिलाड़ी खेल।

आज खेल जगत अनेक चुनौतियों से जूझ रहा है-भ्रष्टाचार, डोपिंग, मैच फिक्सिंग, बढ़ती हिंसा और नशे की लत जैसी विकृतियाँ खेलों की शुचिता को आहत कर रही हैं। इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लालकिले से राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा था कि एक समय खेलों को कैरियर का विकल्प नहीं माना जाता था, किंतु आज परिस्थिति बदल चुकी है। उन्होंने कहा - खेल विकास का ...

मध्य जनदर्शन

### भारत विभाजन विभीषिका दिवस मनाया गया



# रोटरी क्लब ने किया शिशु मंदिर के विद्यार्थियों का सम्मान



स्वदेश संवाददाता ■ भोपाल

भोपाल नगर के सरस्वती शिशु मंदिर हर्षवर्धन नगर विद्यालय में रोटरी क्लब ने विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया।

विद्यालय प्रधानाचार्य नम्रता तिवारी ने बताया कि विद्यालय में प्रति शनिवार बालसभा आयोजित होती है। इस आयोजन में जुलाई एवं अगस्त माह की विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब के अध्यक्ष सुनील जोशी एवं सहयोगी सदस्यों ने बच्चों को प्रशस्ति एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान विद्यालय में मातृ भारती परिषद् का गठन भी हुआ। गठन के बाद मातृ भारती परिषद् की बहनों का शपथ ग्रहण एवं दायित्व वितरण भी हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय समिति के उपाध्यक्ष सुनील राय भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम बाल सभा प्रमुख प्रगति शिंदे एवं प्रियंका तिवारी के मार्गदर्शन में हुआ।

शांति मंत्र एवं राष्ट्रगान के साथ बाल सभा का समापन हुआ।

### शिशु मंदिर में हुई खो-खो प्रतियोगिता विजेता खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत



आयोजन — सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्थापित अटल टिंकरिंग लैब का आठवां स्थापना दिवस मनाया

### किसी आइडिया या विचार की नकल नहीं करनी चाहिए : सावंत



खेल महोत्सव — जिला स्तरीय ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

### अनुशासन और कड़ी मेहनत दिलाती है सफलता

पत्रिका न्यूज नेटवर्क — patrika.com



विजेता प्रतिभागी खिलाड़ी को पुरस्कृत करते अतिथिगण।

### भारत जमीन का टुकड़ा नहीं, जीता जागता राष्ट्र पुरुष है : निखिलेश महेश्वरी



स्वदेश — ग्वालियर संभाग संस्करण — 7 Aug 2025

अधिकारी एवं चिकित्सक मौजूद रहे।

### सरस्वती शिशु मंदिर में अभिभावक गोष्ठी एवं संस्कृत सप्ताह का हुआ आयोजन



दतिया। सरस्वती शिशु मंदिर, बालाजी नगर, उनाव रोड, दतिया में बुधवार को अभिभावक गोष्ठी एवं संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया गया। संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत कार्यक्रम 6 अगस्त से 12 अगस्त तक संचालित होंगे। विद्यालय में इस अवसर पर विद्या भारती मध्य भारत प्रांत के सह प्रांत प्रमुख दीपक चंदेवा, शिवपुरी विभाग समन्वयक रामकुमार व्यास, आईसीटी क्षेत्रीय प्रमुख कल्याण सिंह चंदेल, एवं केशव बाल विकास समिति के प्रबंधक मनोज गुप्ता उपस्थित रहे। अतिथियों का परिचय प्रधानाचार्य ऋषिकुमार पांडेय ने कराया। स्वागत आकांक्षा तिवारी एवं गायत्री प्रजापति द्वारा किया गया। अतिथियों को अंग वस्त्र प्राचार्य कपिल तांबे द्वारा भेंट किए गए। कार्यक्रम के पश्चात विद्या भारती के अधिकारियों द्वारा आचार्य परिवार के साथ परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसमें महेश चौरसिया, आकांक्षा तिवारी, गायत्री प्रजापति, रागिनी कुशवाहा, गायत्री निरंजन, मनोहर सिंह कुशवाहा, हरिओम निरंजन, ऋषभ श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। बैठक विसर्जन मंत्र के साथ संपन्न हुई।